प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को विकसित बनाने में स्त्री–शक्ति की परिवर्तनकारी भूमिका होगी और इसलिए केन्द्र सरकार पिछले 11 वर्षों से महिलाओं के नेतृत्व पर अधिक ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेलकूद, स्टार्ट–अप और सशस्त्र बल सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दूसरों के लिए प्रेरणा–स्रोत बन रही हैं। एन.डी.ए. सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने विकास में महिलाओं की सशक्त भूमिका के लिए कई महत्वपूर्ण प्रारंभिक कदम उठाए हैं। इनमें स्वच्छ भारत अभियान, जन–धन खातों के ज़रिए वित्तीय समावेशन और ज़मीनी स्तर महिलाओं का सशक्तिकरण करना शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उज्ज्वला योजना से घरों को धुआं–मुक्त बनाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि मुद्रा ऋण से लाखों महिलाओं के लिए उद्यमी बनने का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर मकान लेने के प्रावधान से महिलाओं में सुरक्षा और सशक्तिकरण की भावना बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को बालिका संरक्षण का राष्ट्रीय अभियान बताया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कल शाम ऊना ज़िले के बंगाणा में करीब एक सौ 20 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने बंगाणा में 3 दिवसीय पिपलू मेले के समापन अवसर पर भी शिरकत की और शोभा यात्रा में भाग लिया। एक जनसभा में मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों को मेले की बधाई दी और कहा कि मेले किसी भी क्षेत्र की लोक संस्कृति और भाईचारे के प्रतीक होते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं ताकि किसान अपनी आर्थिकी को मज़बूत कर सकें। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इस दौरान मौजूद रहे।

किन्नौर दौरा

इस बीच, मुख्यमंत्री कल 9 जून से किन्नौर ज़िले के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे शिप्की ला गांव से ''सीमा पर्यटन'' पहल की शुरूआत करेंगे जिससे देशभर के पर्यटकों को किन्नौर और लाहौल–स्पीति ज़िलों के भारत–चीन सीमा से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों को जानने का अवसर प्राप्त होगा। इन क्षेत्रों में पहले विशेष अनुमति लेकर जाना पड़ता था लेकिन अब यह प्रक्रिया सरल बना दी गई है। नए दिशा–निर्देशों के अनुसार स्थानीय लोग व पर्यटक अब वैध पहचान पत्र दिखाकर इन स्थानों पर जा सकते हैं। आई.टी.बी.पी. और सेना निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार पर्यटकों का सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगी।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर युवाओं के साथ रोज़गार के नाम पर धोखा करने का आरोप लगाया है। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस के सभी नेताओं ने 5 लाख नौकरियां देने की बात कही थी लेकिन सरकार ने अभी तक इस गारंटी को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक मीडिया चैनल को दिए गए साक्षात्कार में मुख्यमंत्री ने युवा बेरोज़गारों के प्रति अपमानजनक व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार बनाने में बेरोज़गार युवाओं की अहम भूमिका रही है लेकिन अब बेरोज़गारों की अनदेखी करने वालों को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

कृषि संकल्प

केंद्र सरकार का विकसित कृषि संकल्प अभियान चंबा जिला में तेज़ी से चल रहा है। अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक जिले के दूरदराज गांवों तक पहुंचकर अंतिम पंक्ति में खड़े किसान तक केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी पहुंचा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले की गैहरा, सुनारा, और कुंडी ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें किसानों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र चंबा के वैज्ञानिक डॉक्टर केहर सिंह ठाकुर ने बताया कि अभियान का लक्ष्य लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े किसान तक केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है।

*महिला ब्लॉक के कुछ नाम समक्ष रखता हूं एक बटोट हमारी एरिया एक गलोट पंचायत है उसके जो दुर्गम उसलाड़ा जाके एक स्थान है हमारी जो टीम है टीम –2 पैदल पहुंची है वहां पे और वहां पर जब हम पहुंचे तो एक दो जो हमारी योजनाएं हैं उसके अलावा उनको किसी भी योजनाओं की जानकारी नही थी तो उनके बीच में हम गए उत्सुक थे और उन्होंने यह जानने कोशिस कर की हम किस तरह इस योजना का लाभ ले सकते है।*

आकाशवाणी

आकाशवाणी ने आज अपनी सेवा के 90 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्ष 1936 में आज ही के दिन भारतीय राजकीय प्रसारण सेवा का नाम बदलकर आकाशवाणी किया गया था।

..................................................